# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 02 जुलाई, 2024 की बैठक का कार्यवृत्त

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 02 जुलाई, 2024 को 04.00 बजे प्रशासनिक खण्ड के प्रथम तल पर स्थित समिति कक्ष में निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आचार्य अमित पात्रा, निदेशक | - | अध्यक्ष |
| 2. | आचार्य विकाश कुमार दुबे, अधिष्ठाता (अनुसंधान एवं विकास) | - | सदस्य |
| 3. | आचार्य राजेश कुमार, अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) | - | सदस्य |
| 4. | आचार्य रजनेश त्यागी, अधिष्ठाता (संकाय कार्य) | - | सदस्य |
| 5. | आचार्य हीरालाल प्रामाणिक, अधिष्ठाता (संसाधन एवं पूर्व छात्र) | - | सदस्य |
| 6. | श्री राजन श्रीवास्तव, कुलसचिव (प्रभार) | - | सदस्य |
| 7. | आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजकीय अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 8. | आचार्य संजय कुमार पांडेय, गणितीय विज्ञान विभाग | - | सदस्य |
| 9. | आचार्य सत्यवीर सिंह, रासायनिक एवं अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 10. | डॉ. अनिता मोहन, सह-आचार्य, भौतिकी विभाग | - | सदस्य |
| 11. | डॉ. लावण्या सेल्वागनेश, सहायक आचार्य, गणितीय विज्ञान विभाग | - | सदस्य |
| 12. | डॉ. सर्वेश कुमार तिवारी, संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन एवं लेखा) | - | सदस्य |
| 13. | मेजर निशा बलोरिया (सेवा.), उप कुलसचिव (राजभाषा) | - | सदस्य सचिव |

आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति तथा अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य) एवं श्री जगदीश नारायण राय, संयोजक, केंद्रीय सचिवालय, हिंदी परिषद, वाराणसी बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

उपरोक्त बैठक में श्री महेश पांडेय, प्रणाली विशेषज्ञ (सी.सी.आई.एस) तथा श्री शशांक पाठक, हिन्दी अनुवादक उपस्थित रहे। बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यसूची के मदों पर चर्चा प्रारम्भ की गई।

**मद सं. 1: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 03 अप्रैल, 2024 की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि:**

दिनांक 03 अप्रैल, 2024 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त की समिति ने पुष्टि की।

**मद सं. 2: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 03 अप्रैल, 2024 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा:**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 03 अप्रैल, 2024 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा करते हुए निम्नलिखित निर्णय लिए गए:

1. अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य) से हिंदी में तैयार समस्त शैक्षणिक प्रपत्रों को आगामी प्रस्तावित वरिष्ठ सभा (सीनेट) की बैठक के कार्यसूची में शामिल करने का अनुरोध किया जाए।

2. संस्थान की वेबसाइट (iitbhu.ac.in) के हिंदीकरण के क्रम में अध्यक्ष महोदय तथा समिति को यह अवगत कराया गया कि वेबसाइट का मुख्य पृष्ठ तथा विभागों/स्कूलों के परिचय हिंदी में बनाकर वेब प्रबंधन एवं ई-मेल सेवा (WMES) को भेजा गया था परंतु बैठक में उपस्थित श्री महेश पांडेय, प्रणाली विशेषज्ञ ने बताया कि संस्थान की वेबसाइट का नया संस्करण वेब नियमों के तहत् अद्यतन किया जा रहा है, जिसके बाद ही हिंदी में वेबसाइट तैयार किया जाएगा।

   यह निर्णय लिया गया कि दिनांक 31 जुलाई, 2024 तक हिंदी में बने मुख्य पृष्ठ को अद्यतन/सक्रिय करने तथा साथ ही विभागों/स्कूलों के हिंदी में प्रेषित परिचय को अपलोड करने हेतु वेब प्रबंधन एवं ई-मेल सेवा (WMES) से 31 जुलाई, 2024 तक की समय सीमा के अंदर तैयार करने का अनुरोध किया जाए।

3. आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग से "भारतीय विज्ञान का इतिहास" विषयक हिंदी में प्रस्तावित पुस्तक की एक परिवर्तित प्रस्तावना भेजने का अनुरोध किया जाए, जिसके अध्याय में रसायन विज्ञान, भौतिकी विज्ञान, गणित विज्ञान, वास्तुकला विज्ञान इत्यादि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विषयों को शामिल किया जाए। उक्त पुस्तक के शीर्षक की समीक्षा भी किया जाना अपेक्षित है।

4. संस्थान की वेबसाइट पर हिन्दी में अपलोड नागरिक अधिकार पत्र (सिटीजन चार्टर) को समिति के समक्ष दिखाया गया, जिसके संबंध में यह निर्णय लिया गया कि वेबसाइट पर हिंदी में अपलोड सभी सामग्री को 'हिंदी' तथा अंगेजी के सामग्री को 'English' अंकित करके प्रदर्शित किया जाए।

कृ.पृ.उ.

5. अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य) से शोध प्रबंध में सारांश का एक पृष्ठ हिंदी में तैयार करने के मामले को वरिष्ठ सभा (सीनेट) की आगामी प्रस्तावित बैठक के कार्यसूची (Agenda) में सम्मिलित करने का अनुरोध किया जाए।

6. अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) कार्यालय द्वारा छात्रों की एक हिंदी भाषा समिति गठित करने हेतु इच्छुक विद्यार्थियों की सूची समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। इस संबंध में अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) ने यह बताया कि चूँकि छात्रों का ग्रीष्मावकाश चल रहा है अतः उन विद्यार्थियों के उपस्थित होते ही समिति के गठन की आगे की कार्यवाही शुरू की जाएगी।

7. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (AICTE) के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत् कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) पर आधारित 'अनुवादिनी' अनुवाद टूल संबन्धित कार्यशाला आयोजित करवाने की सहमति प्रदान की गई है।

**मद सं. 3: राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को संस्थान की ऑनलाइन माध्यम से भेजी गयी पिछली चार हिन्दी तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा।**

समिति के समक्ष पिछली चार तिमाहियों (तिमाही मार्च 2023 से तिमाही मार्च 2024) के हिन्दी प्रगति रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति ने संतोष व्यक्त किया।

**मद सं. 4: संस्थान में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग एवं अन्य मद पर चर्चा के दौरान निम्नलिखित निर्णय लिए गए-**

- संस्थान में प्रत्येक माह के प्रथम कार्य-दिवस पर समस्त कार्यालयी कार्य हिंदी में करने की दिशा में वेबसाइट पर एक नारा प्रदर्शित करवाया जाए, जिसके लिए वेब मैनेजमेंट के श्री महेश पांडेय, प्रणाली विशेषज्ञ को उत्तरदायित्व दिया गया है। इसके लिए समिति की तरफ से निम्नलिखित नारें प्रस्तावित किये गए है, जिसमें से एक नारा निदेशक सह अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति से स्वीकृत करवाके प्रदर्शित किया जाना है –
*"प्रथम दिवस राजभाषा के नाम", "लेके राजभाषा के नाम करने हैं हिंदी में काम", "प्रथम दिवस का आह्वान राजभाषा के नाम", प्रथम दिवस का काम हो समर्पित हिंदी के नाम"* इत्यादि।

| | | |
|---|---|---|
| (मेजर निशा बलोरिया)<br>सदस्य सचिव | (सर्वेश कुमार तिवारी)<br>सदस्य | (राजन श्रीवास्तव)<br>सदस्य |
| (सत्यवीर सिंह)<br>सदस्य | (संजय कुमार पांडेय)<br>सदस्य | (सुशांत कुमार श्रीवास्तव)<br>सदस्य |
| (राजेश कुमार)<br>सदस्य | (रजनेश त्यागी)<br>सदस्य | (विकाश कुमार दुबे)<br>सदस्य |
| (हीरालाल प्रमाणिक)<br>सदस्य | (लावण्या सेल्वागणेश)<br>सदस्य | (अनिता मोहन)<br>सदस्य |

(अमित पात्रा)
अध्यक्ष